**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 05 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार कृषि विश्वविद्यालय से प्रदेशस्तरीय नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन का शुभारंभ किया।**

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि साइक्लोथॉन युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएगी।**

- **मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई यात्रा की शुरुआत करेंगे।**

- **हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने सभी बस अड्डों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के निर्देश दिए।**

- **महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित हरियाणा फिल्म महोत्सव आज सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने बतौर मुख्यातिथि चुनी गई फिल्मों ले निर्माताओं को सम्मानित किया।**

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज हिसार कृषि विश्वविद्यालय से द्वितीय प्रदेशस्तरीय नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन का शुभारंभ किया। हिसार से यह यात्रा नशा मुक्त हरियाणा के संदेश के साथ भिवानी जिले में प्रवेश करेगी और 27 अप्रैल तक पूरे प्रदेश से हो कर गुजरेगी।मुख्यमंत्री स्वयं भी साइकिल पर सवार होकर साइक्लोथॉन में शामिल हुए। इस अभियान में शामिल होने के लिए 50000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है ।

यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत निकाली जा रही इस साइक्लोथॉन रैली के संदेश की गूंज प्रदेश के कोने-कोने तक जाएगी और युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा संस्कृति दूध दही के सेवन की रही है, यहां नशे का कोई काम नहीं है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं और किशोरों को नशे से बचाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना के तीन पहलू हैं। जिसमें जन जागरूकता, नशा मुक्ति व पुनर्वास और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शामिल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक विशेष कार्य बल का भी गठन किया है। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और भटके हुए युवाओं को उपचार और पुनर्वास करके उनको समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 52 नशा मुक्ति केंद्र खोले गए हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नशा मुक्ति वार्ड स्थापित किए गए हैं। इनके अलावा 13 जिलों के सिविल अस्पतालों में भी नशा मुक्ति केंद्र बनाए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नशा करने वालों के लिए उपचार और परामर्श सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, नशे के खिलाफ इस मुहिम में ग्राम पंचायत और सरपंचों की भी सहभागिता सुनिश्चित की है ताकि हर गांव से नशे को जड़ से खत्म कर सकें।मुख्यमंत्री ने सभी से नवरात्रों में इस अभियान के साथ जुड़कर के नशे को समाप्त करने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

******************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हिसार की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई यात्रा का शुभारंभ करेंगे।आज हिसार में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि श्री मोदी हरियाणा को एक नई उड़ान देने के लिए आ रहे हैं ।

मुख्यमंत्री ने कहा -

हिसार से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश द्वारा हिसार हवाई अड्डे पर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं उनको भी आमंत्रित करता हूं। उन्हें अपनी इस्तीफा देने की बात पर कायम रहना चाहिए।उल्लेखनीय है कि श्री जयप्रकाश ने कहा था कि अगर अप्रैल में हवाई अड्डे से उड़ाने शुरू हो गई तो वह इस्तीफा दे देंगे।वक्फ संशोधन विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए हड़बड़ी में 2013-14 में इस कानून को जो रूप दिया, उसका नुकसान न केवल वक्फ बोर्ड को बल्कि समाज व देश को भी हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गलत कांग्रेस ने किया था उसका सुधारीकरण नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है।

******************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के सभी बस अड्डों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के निर्देश दिए है।उन्होंने आज अंबाला में कहा कि सौर ऊर्जा पैनल लगने से बस अड्डों के लिए बिजली का उत्पादन हो सकेगा।

श्री विज ने कहा -

उन्होंने कहा कि इसके इलावा इलेक्ट्रिक बसों का इस्तेमाल बढ़ रहा है इसके लिए बस अड्डो पर चार्जिंग स्टेशन की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी बस अड्डे पर भी ऐसा चार्जिंग स्टेशन लगेगा।पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पारित हुए वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का विरोध दो तरह के लोग कर रहे हैं, एक जिन्होंने जमीन दबा रखी है और दूसरा जिन्हें कानून की समझ नहीं है।

*****************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

*****************************************************************

हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति व बहुरंगी सांस्कृतिक आयामों पर केन्द्रित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित "हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025" आज सम्पन्न हो गया।

इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।प्रसिद्ध अभिनेता राजकुमार राव और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।फिल्म महोत्सव में "स्क्रिप्ट टू सिनेमा", "हरियाणवी संस्कृति के विकास में गीत संगीत की भूमिका" तथा "क्षेत्रीय सिनेमा का महत्व व विकास क्यों जरूरी" विषय पर तीन मास्टर क्लास आयोजित की गई।फिल्म महोत्सव में लघु फिल्मों तथा वृत्त चित्र की प्रतियोगिता भी हुई। विविध विषयों पर लघु फिल्मों, वृत्त चित्रों को उनकी समीक्षा एवं मूल्यांकन उपरांत पुरस्कार के लिए चुना जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनी गयी फिल्मों के निर्माताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

*****************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को हरियाणा दौरे के मद्देनजर आज रोहतक में पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में शिरकत की। बैठक में बी जी पी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व प्रदेश सरकार के कई मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्य योजना तैयार की गई।पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ आलोचना करने तक सीमित रह गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि अग्निवीरों को हरियाणा पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

*****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान और नशा मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज जींद जिले के जुलाना उपमंडल में नगर पालिका अध्यक्ष डाक्टर संजय जांगड़ा की अगुवाई में भांग और धतुरे के पौधों को उखाड़ने का अभियान चलाया गया। इसमें शहर के लोगों और नगर पालिका कर्मियों ने भाग लिया ताकि इनको नशे के रूप में प्रयोग न किया जा सके।

डाक्टर संजय जांगड़ा ने आकाशवाणी संचार को बताया-

डाक्टर संजय जांगड़ा ने बताया की देश के प्रधानमंत्री एंव मुख्यमंत्री की परिकल्पना है कि भारत को नशा मुक्त बनाना है। इसलिए नशे में प्रयोग होने वाले यह पौधे नष्ट किए जा रहे हैं। उन्होने बताया कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा।

*****************************************************************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उन छात्रों के लिए एक मानकीकृत सम कक्षता ढांचा स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिन्होंने विदेशों में अपनी शिक्षा पूरी की है और जो भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली या कार्यबल में समाहित होना चाहते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अपनी अधिसूचना में कहा कि आयोग ने स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों से विदेशी योग्यता की पहचान के लिए एक पारदर्शी, प्रौद्योगिकी-प्रेरित तंत्र विकसित किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष, ममिदाला जगदीश कुमार ने कहा कि यह कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारत को एक वैश्विक अध्ययन गंतव्य में बदलना है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारतीय संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करना है, तो भारत को विदेशों में अर्जित डिग्रियों की उचित पहचान सुनिश्चित करनी होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि यह एक लंबे समय से

चल रहे मुद्दे को सुलझाते हुए उठाया गया निर्णायक कदम है।

*****************************************************************

पलवल पुलिस की अपराध शाखा ने आज 7 किलो 318 ग्राम डोडा चुरा पोस्त सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।अपराध शाखा के प्रभारी दीपक गुलिया ने बताया कि कट्टे में रखे इस मादक पदार्थ की बरामदगी ढाबे के पास एक पंचर की दुकान से की गई। पंचर की दुकान चलाने वाले आरोपी की पहचान अपसर खान और ढाबा मालिक की कृष्ण नाम से हुई है।पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत थाना मुंडकटी में मामला दर्ज किया है।